71. **The following paragraph is taken from Class VII science NCERT textbook-Discovery of silk :**

The exact time of discovery of silk is perhaps unknown. According to an old Chinese legend, the empress Si-lung-Chi was asked by the emperor Huang-ti to find the cause of the damaged leaves of mulberry trees growing in their garden. The empress found white worms eating up mulberry leaves. She also noticed that they were spinning shiny cocoons around them. Accidentally a cocoon dropped into her cup of tea and a tangle of delicate threads separated from the cocoon. Silk industry began in China and was kept a closely guarded secret for hundreds of years. Later on, traders and travellers introduced silk to other countries. The route they travelled is still called the 'silk route'.

What is the purpose of including the above in a science textbook ?

a. to develop a historical perspective
b. to develop an appreciation of how incidents/ideas give rise to disovery of new things
c. to develop a holistic understanding of science
d. to make science textbooks light as the above is just for information and not for testing

(1) Only b & c (2) Only a & d
(3) a, b & c (4) Only a & c

72. **The following is an extended activity given in Class VIII NCERT textbook :**

Choose any five families of your neighbourhood. Enquire whether their energy consumption (coal, gas, electricity, petrol, kerosene) has increased or decreased in the last five years. Enquire also about the measures they have adopted to conserve energy.

What is the advantage of doing an extended activity like the above ? The following are the responses of a few teachers. Identify the least appropriate response.

(1) This activity helps students to go beyond textbooks and find answers for themselves.
(2) Such activities help students become confident and learn to enquire themselves.
(3) Such activity gives authentic understanding to students of an issue.
(4) Such activities make a good homework task.

71. **निम्नलिखित गद्यांश कक्षा VII की NCERT विज्ञान पाठ्यपुस्तक 'रेशम की खोज' से लिया गया है । :**

रेशम की खोज का यथार्थ समय संभवत: अज्ञात है । एक प्राचीन चीनी किंवदंती के अनुसार, सम्राट हुआंग-टी ने साम्राज्ञी सी-लुंग-ची से अपने बगीचे में उगने वाले शहतूत के वृक्षों की पत्तियों के क्षतिग्रस्त होने का कारण पता लगाने के लिए कहा था । साम्राज्ञी ने पाया कि सफ़ेद कृमि शहतूत की पत्तियों को खा रहे थे । उन्होंने यह भी देखा कि वे अपने इर्द-गिर्द चमकदार कोकून बुन रहे थे । संयोग से एक कोकून उसकी चाय के कप में गिर गया और कोकून में से नाजुक धागों का गुच्छा अलग हो गया । रेशम उद्योग चीन में आरंभ हुआ और सैकड़ों वर्षों तक इसे कड़ी पहरेदारी में गुप्त रखा गया । बाद में, यात्रियों और व्यापारियों ने रेशम को अन्य देशों में प्रचलित किया । जिस मार्ग में उन्होंने यात्रा की थी, उसे आज भी रेशममार्ग कहा जाता है ।

उपर्युक्त गद्यांश को विज्ञान की पाठ्य-पुस्तक में सम्मिलित करने का क्या उद्देश्य है ?

a. ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य विकसित करना ।
b. यह समझ विकसित करना कि किस तरह संयोग/विचार नई वस्तुओं की खोज में वृद्धि को बढ़ावा देते हैं ।
c. विज्ञान की समग्र समझ विकसित करना ।
d. विज्ञान पाठ्यपुस्तक को हलका बनाना जैसे उपर्युक्त केवल सूचना के लिए है और जाँच के लिए नहीं ।

(1) केवल b तथा c (2) केवल a तथा d
(3) a, b तथा c (4) केवल a तथा c

72. **निम्नलिखित विस्तारित गतिविधि है जो एन.सी.ई.आर.टी. की कक्षा VIII की पाठ्य-पुस्तक में दी गई है :**

अपने पास-पड़ोस में कोई पाँच परिवारों का चयन कीजिए । पता लगाइए कि उनका ऊर्जा उपभोग (कोयला, गैस, विद्युत, पेट्रोल, मिट्टी का तेल) पिछले पाँच वर्षों में बढ़ा है या कम हुआ है । यह भी पता लगाइए कि ऊर्जा बचत हेतु उन्होंने क्या उपाय किए हैं ।

उपर्युक्त गतिविधि की भाँति विस्तारित गतिविधि के क्या लाभ हैं ? कुछ शिक्षकों के निम्नलिखित उत्तर हैं – सबसे कम उपयुक्त उत्तर को पहचानिए :

(1) ऐसी गतिविधियाँ शिक्षार्थियों को पाठ्य-पुस्तक से परे जाकर अपने लिए उत्तर खोजने में सहायता करती हैं ।
(2) ऐसी गतिविधियाँ शिक्षार्थियों को आत्मविश्वासी बनने तथा स्वयं खोजने में सहायता करती हैं ।
(3) ऐसी गतिविधियाँ शिक्षार्थियों को किसी मुद्दे के विषय में विशुद्ध समझ देती हैं ।
(4) ऐसी गतिविधियाँ अच्छा गृहकार्य हैं ।

73. **Students of Class VII are testing starch in food. While testing, students do mistakes in observations. The most appropriate response of the teacher will be :**
A. not to give another chance to students.
B. to punish students and warn them.
C. to accept their mistakes/errors.
D. to appreciate their attempt
(1) B and D (2) C and D
(3) A and D (4) A and C

74. **Which one of the following assessment strategies is not suitable for formative assessment of learners in science ?**
(1) Journal writing
(2) Field trip
(3) Term-end achievement test
(4) Concept mapping

75. **A Class VII teacher wraps a thin paper strip tightly around an iron rod and tries to burn the paper with candle while rotating the iron rod continuously. Does it burn ? Which process skill/skills of students may be developed through this activity ?**
(1) observation, hypothesis and classification.
(2) only classification.
(3) observation, hypothesis and questioning.
(4) only observation.

76. **A student wants to discuss swine flu showing a newspaper clipping. The disease is not mentioned in his textbook. As a science teacher you :**
(1) would read the news clipping in class but tell children that it is not part of syllabus, hence is not important.
(2) would discuss swine flu and tell children to bring more science related articles to the class.
(3) ask the child to meet you after the class to discuss such articles so that the prescribed syllabus is completed first and not to waste everybody's time.
(4) would tell the child that it is beyond the syllabus, and not to be discussed in the class.

73. **कक्षा VII के बच्चे भोजन में मांड का परीक्षण करते हैं । परीक्षण के समय बच्चे अवलोकन में त्रुटियाँ करते हैं । शिक्षक के द्वारा सबसे उपयुक्त प्रतिक्रिया होगी कि :**
A. बच्चों को दोबारा परीक्षण का मौका नहीं देना ।
B. बच्चों को डाँटना एवं धमकाना ।
C. बच्चों की त्रुटियों को स्वीकार करना ।
D. उनके प्रयास की प्रशंसा करना ।
(1) B और D (2) C और D
(3) A और D (4) A और C

74. **निम्नलिखित में से कौन-सी आकलन रणनीति विज्ञान में शिक्षार्थियों के रूपात्मक आकलन के लिए उपयुक्त नहीं है ?**
(1) पत्रिका (जरनल) लेखन
(2) क्षेत्र भ्रमण
(3) सत्रांत उपलब्धि परीक्षण
(4) अवधारणा चित्रण

75. **कक्षा VII का शिक्षक लोहे की किसी छड़ पर पतले कागज़ की पट्टी कसकर लपेटता है और छड़ को लगातार घुमाते हुए जलती हुई मोमबत्ती के ऊपर रखकर कागज़ को जलाने का प्रयत्न करता है । क्या यह जल पाता है ?**
**इस गतिविधि के द्वारा बच्चों में किस प्रक्रमण कौशल/कौशलों का विकास होने की संभावना है ?**
(1) अवलोकन, परिकल्पना और वर्गीकरण
(2) केवल वर्गीकरण
(3) अवलोकन, परिकल्पना और प्रश्न करना
(4) केवल अवलोकन

76. **एक शिक्षार्थी समाचार-पत्र की क्लिपिंग को प्रदर्शित करते हुए स्वाइन फ्लू के बारे में चर्चा करना चाहता है । उसकी पाठ्य-पुस्तक में इस रोग का उल्लेख नहीं है । एक विज्ञान शिक्षक के रूप में आप :**
(1) कक्षा में समाचार-पत्र की क्लिपिंग पढ़ेंगे लेकिन बच्चों को बताएँगे कि यह पाठ्यक्रम का हिस्सा नहीं है, इसलिए महत्त्वपूर्ण नहीं है ।
(2) स्वाइन फ्लू के बारे में चर्चा करेंगे और कक्षा में विज्ञान से संबंधित और अधिक चीज़ें लाने के लिए बच्चों को कहेंगे ।
(3) सभी का समय खराब न हो इस दृष्टि से बच्चे को कक्षा के बाद इस प्रकार के लेखों पर चर्चा करने हेतु मिलने के लिए कहेंगे जिससे कि निर्धारित पाठ्यक्रम समय पर पूरा हो सके ।
(4) बच्चे को बताएँगे कि यह पाठ्यक्रम से परे है और इसलिए वह कक्षा में चर्चा न करे ।

77. **Planets revolve around the Sun in a definite path. Arrange the following planets in the increasing order of their period of revolution.**

(i) Venus (ii) Saturn
(iii) Uranus (iv) Earth

(1) (iv), (i), (ii), (iii)
(2) (i), (iv), (iii), (ii)
(3) (i), (iv), (ii), (iii)
(4) (i), (ii), (iii), (iv)

78. **The melting point of Sulphur is 113 °C and its boiling point is 445 °C. Which one of the following statements is incorrect ?**

(1) Sulphur is solid at 90 °C.
(2) Sulphur is liquid at 400 °C.
(3) Sulphur is liquid at 450 °C.
(4) Sulphur is solid at 20 °C.

79. **The occurrence of seasons on earth is due to the fact that :**

(1) the earth's axis is tilted.
(2) the rotation rate of earth changes during the year.
(3) the earth's axis points in different directions during the year.
(4) the earth is closer to the sun during summers.

80. **In which one of the following, heat is transferred by the process of conduction ?**

(1) Room heater
(2) from Sun to Earth
(3) from one end of a spoon to the other end, when dipped in hot tea.
(4) Sea breeze and Land breeze

81. **Each cell in our body contains DNA. We also have proteins and fats in our body. What is common among DNA, proteins and fats ?**

(1) All contain acids.
(2) All are inorganic.
(3) All are salts.
(4) All contain bases.

77. **ग्रह एक निश्चित पथ पर सूर्य की परिक्रमा करते हैं । निम्नलिखित ग्रहों को उनके परिक्रमा अवधि के आधार पर आरोही क्रम में व्यवस्थित कीजिए :**

(i) शुक्र (ii) शनि
(iii) यूरेनस (iv) पृथ्वी

(1) (iv), (i), (ii), (iii)
(2) (i), (iv), (iii), (ii)
(3) (i), (iv), (ii), (iii)
(4) (i), (ii), (iii), (iv)

78. **सल्फर का गलनांक 113 °C है तथा क्वथनांक 445 °C है । निम्नलिखित में से कौन-सा कथन असत्य है ?**

(1) सल्फर 90 °C पर ठोस है ।
(2) सल्फर 400 °C पर द्रव है ।
(3) सल्फर 450 °C पर द्रव है ।
(4) सल्फर 20 °C पर ठोस है ।

79. **पृथ्वी पर मौसम परिवर्तन होने का कारण है :**

(1) पृथ्वी का अक्ष झुका हुआ है ।
(2) वर्ष में पृथ्वी की परिक्रमण गति बदलती है ।
(3) वर्ष में पृथ्वी के अक्ष बिंदु भिन्न दिशाओं में होते हैं ।
(4) गर्मियों में पृथ्वी सूर्य के निकट होती है ।

80. **निम्नलिखित में से किसमें संचालन प्रक्रिया के माध्यम से ऊष्मा स्थानांतरित होती है ?**

(1) कमरे का हीटर
(2) सूर्य से पृथ्वी को
(3) जब चम्मच को गर्म चाय में डुबोया जाए तब चम्मच के एक सिरे से उसके दूसरे सिरे तक
(4) समुद्री समीर तथा थल समीर

81. **हमारे शरीर की प्रत्येक कोशिका में डी.एन.ए. होता है । हमारे शरीर में प्रोटीन तथा वसा भी होते हैं । डी.एन.ए., प्रोटीन तथा वसा में क्या समान है ?**

(1) सभी में अम्ल होते हैं ।
(2) सभी उदासीन हैं ।
(3) सभी लवण हैं ।
(4) सभी में क्षारक होते हैं ।

82. **A rubber sucker, when pressed on a surface sticks to it because of :**
(1) atmospheric pressure.
(2) the glue on it.
(3) surface tension.
(4) gravitational force.

83. **In the event of a thunderstorm:**
(1) one should remain in a closed car.
(2) one should run on the roof of one's house.
(3) one should use umbrella with a metallic end.
(4) one should take shelter under a tall tree.

84. **All of the following are non-contact forces except :**
(1) Gravitational force
(2) Magnetic force
(3) Frictional force
(4) Electrostatic force

85. **A book is placed in front of a plane mirror. The observer is standing behind the book. The image of this book will be formed behind the mirror and it :**
(1) will be erect and at the same distance as the observer is from the mirror.
(2) will be erect and at the same distance as the object is from the mirror.
(3) will be inverted and at the same distance as the observer is from the mirror.
(4) will be inverted and at the same distance as the object is from the mirror.

86. **Consider the following statements about adding organic manures to the soil.**
A. They make the soil rigid so as to hold the plants firmly.
B. They add inorganic matter to the soil which is considered very rich in plant nutrients.
C. They improve the texture of the soil.
D. They enhance the water holding capacity of the soil.

The correct statements are :
(1) B, C and D (2) A and D only
(3) C and D only (4) A, B and C

82. **किसी रबर चूषक को यदि किसी तल पर दबाया जाए तो वह उससे चिपक जाता है, जिसका कारण है :**
(1) वायुमंडलीय दबाव
(2) उस पर लगी गोंद
(3) पृष्ठ तनाव
(4) गुरुत्वाकर्षण बल

83. **विद्युत झंझा के समय हमें :**
(1) एक बंद कार के भीतर ही रहना चाहिए ।
(2) घर की छत पर दौड़ना चाहिए ।
(3) धातु के सिरे वाला छाता प्रयोग करना चाहिए ।
(4) किसी ऊँचे पेड़ के तले शरण लेनी चाहिए ।

84. **निम्नलिखित सभी असम्पर्क बल हैं, सिवाय :**
(1) गुरुत्वाकर्षण बल
(2) चुम्बकीय बल
(3) घर्षण बल
(4) स्थिरवैद्युत बल

85. **एक समतल दर्पण के सामने एक पुस्तक रखी है । प्रेक्षणकर्ता पुस्तक के पीछे खड़ा है । इस पुस्तक का प्रतिबिंब दर्पण के पीछे बनेगा और यह :**
(1) ऊर्ध्व बनेगा तथा उसी समान दूरी पर बनेगा जिस दूरी पर प्रेक्षणकर्ता दर्पण से होगा ।
(2) ऊर्ध्व बनेगा तथा उसी समान दूरी पर जिस दूरी पर वस्तु दर्पण से होगी ।
(3) उलटा बनेगा तथा उसी दूरी पर बनेगा जिस दूरी पर अवलोकनकर्ता दर्पण से होगा ।
(4) उलटा हो जाएगा तथा उसी समान दूरी पर बनेगा जिस दूरी पर वस्तु दर्पण से होगी ।

86. **मृदा में कार्बनिक खाद डालने के विषय में नीचे दिए गए कथनों पर विचार कीजिए :**
A. यह मृदा को पौधे को कसकर पकड़े रखने के लिए दृढ़ बनाती है ।
B. यह पौधों के लिए अत्यधिक उर्वर माने जाने वाले अकार्बनिक पदार्थ मृदा में मिलाती है ।
C. यह मृदा की बनावट में सुधार करती है ।
D. यह मृदा की जल को थामे रखने की क्षमता में वृद्धि करती है ।

इनमें सही कथन हैं :
(1) B, C और D (2) केवल A और D
(3) केवल C और D (4) A, B और C

87. **When candle burns :**
a. its size decreases.
b. there is melting of wax.
c. flame and soot can be seen.
d. melted wax also solidies.
From the above observations, which one of the following is correct ?
(1) a is a physical change and others are chemical changes.
(2) c is a chemical change and others are physical changes.
(3) a & b are physical changes and c & d are chemical changes.
(4) a, b and c are physical changes.

88. **Identify the incorrect statement.**
a. Acids are sour in taste whereas bases are bitter in taste and soapy to touch.
b. Acids turn blue litmus red and bases turn red litmus blue.
c. Solutions of substances that show different colours in acidic, basic and neutral solutions are called indicators.
d. An acid and a base neutralise each other to form a salt and a salt is always neutral.
(1) a, d (2) c
(3) b, c (4) d

89. **Radhika's gums were often bleeding and her wounds were taking longer time to heal. Her diet could be deficient in which vitamin ?**
(1) Vitamin $B_1$ (2) Vitamin C
(3) Vitamin D (4) Vitamin A

90. **"Sodium and Potassium are stored in Kerosene. Give the reason."**
**The following reasons are given by VIII class students :**
A. Both are highly reactive and react with carbon dioxide in the atmosphere.
B. Both are highly toxic and gives off toxic fumes.
C. Both are highly reactive and react with oxygen in atmosphere.
D. Kerosene helps cut off the reaction of the metals with oxygen in the air.
Select the most appropriate reason(s) given by Class VIII students.
(1) only A (2) C & D
(3) only B (4) C & B

87. **जब कोई मोमबत्ती जलती है तो :**
a. उसका आकार छोटा हो जाता है ।
b. मोम पिघलता है ।
c. लौ और कालिख दिखाई पड़ते हैं ।
d. पिघला मोम जम भी जाता है ।
उपर्युक्त प्रेक्षणों के आधार पर निम्नलिखित में से क्या ठीक है ?
(1) a भौतिक परिवर्तन है और शेष रासायनिक परिवर्तन हैं ।
(2) c रासायनिक परिवर्तन है और शेष भौतिक परिवर्तन हैं ।
(3) a और b भौतिक परिवर्तन हैं तथा c और d रासायनिक परिवर्तन हैं ।
(4) a, b और c भौतिक परिवर्तन हैं ।

88. **असत्य/गलत कथन को पहचानिए :**
a. अम्ल स्वाद में खट्टे होते हैं जबकि क्षारकों का स्वाद कड़वा होता है तथा उनका स्पर्श साबुन जैसा होता है ।
b. अम्ल नीले लिटमस को लाल तथा क्षारक लाल लिटमस को नीले में बदल देते हैं ।
c. ऐसे पदार्थों के विलयन जो अम्लीय, क्षारकीय और उदासीन विलयन में भिन्न रंग दर्शाते हैं, सूचक कहलाते हैं ।
d. लवण बनाने के लिए अम्ल तथा क्षारक एक-दूसरे को उदासीन करते हैं तथा लवण सदैव उदासीन होता है ।
(1) a, d (2) c
(3) b, c (4) d

89. **राधिका के मसूड़ों से प्राय: खून बहता रहता है तथा उसके घाव ठीक होने में लंबा समय लेते हैं । उसके भोजन में कमी हो सकती है :**
(1) विटामिन $B_1$ (2) विटामिन C
(3) विटामिन D (4) विटामिन A

90. **"सोडियम और पोटैशियम का भंडारण मिट्टी के तेल (केरोसीन) में किया जाता है ।"**
**इसके लिए कक्षा VIII की शिक्षार्थियों ने निम्नलिखित कारण दिए हैं :**
A. दोनों बहुत प्रतिक्रियाशील हैं और वातावरण में कार्बन डाइऑक्साइड से प्रतिक्रिया करते हैं ।
B. दोनों बहुत विषैले हैं और विषैला धुआँ छोड़ते हैं ।
C. दोनों बहुत क्रियाशील हैं और वातावरण में ऑक्सीजन से प्रतिक्रिया करते हैं ।
D. केरोसीन हवा में विद्यमान ऑक्सीजन से धातु की प्रतिक्रिया को रोकने में सहायक है ।
कक्षा VIII के विद्यार्थियों द्वारा दिए गए सबसे उपयुक्त उत्तर को चुनिए :
(1) केवल A (2) C और D
(3) केवल B (4) C और B

| Candidates have to do questions 31 to 90 EITHER from Part - II (Mathematics and Science) OR from Part - III (Social Studies / Social Science). | परीक्षार्थियों को प्रश्न 31 से 90 या तो भाग - II (गणित व विज्ञान) या भाग - III (सामाजिक अध्ययन / सामाजिक विज्ञान) से करने हैं । |
|---|---|

## PART - III / भाग - III

## SOCIAL STUDIES / SOCIAL SCIENCE (सामाजिक अध्ययन / सामाजिक विज्ञान)

*Directions : Answer the following questions by selecting the correct/**most appropriate** options.*

**31. As mentioned in the Chola inscriptions, 'Brahmadeya' was gifted land. To which one of the following had it been gifted ?**

(1) Temples
(2) Brahmanas
(3) Jaina institutions
(4) Schools

**32. In the Seventh Century A.D. big landlords or warrior chiefs in different regions were known as :**

(1) Maha-Samantas
(2) Amatya
(3) Mahamatya
(4) Samantas

**33. Which one of the following dynasties charged 'Vetti', the tax taken not in cash, but in the form of forced labour ?**

(1) The Cholas
(2) The Guptas
(3) The Palas
(4) The Chalukyas

**34. Who among the following presided over the 'diwani adalat' (civil court), a new system of justice, established in the year 1772 under the British administration ?**

(1) The Governors of the Presidencies
(2) The Governor-General
(3) The jurists from different religious communities.
(4) European District Collectors

**निर्देश : सही / सबसे उपयुक्त** विकल्प चुनकर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।

**31. जैसा कि चोल अभिलेखों में उल्लिखित है कि 'ब्रह्मदेय' उपहार में दी गई भूमि होती थी । वह निम्नलिखित में से किसको दी जाती थी ?**

(1) मंदिरों को
(2) ब्राह्मणों को
(3) जैन संस्थाओं को
(4) स्कूलों को

**32. सातवीं शताब्दी में बड़े भू-स्वामी और योद्धा सरदार विभिन्न क्षेत्रों में किस नाम से जाने जाते थे ?**

(1) महासामंत
(2) अमात्य
(3) महामात्य
(4) सामंत

**33. निम्नलिखित राजवंशों में से किसके समय 'वेट्टी' कर नकद के बजाय जबरन श्रम के रूप में लिया जाता था ?**

(1) चोल
(2) गुप्त
(3) पाल
(4) चालुक्य

**34. 1772 में ब्रिटिश प्रशासन के अन्तर्गत एक नयी न्याय व्यवस्था 'दीवानी अदालत' स्थापित की गई । इसके अन्तर्गत निम्नलिखित में से कौन दीवानी अदालतों का मुखिया होता था ?**

(1) प्रेसीडेंसी के गवर्नर
(2) गवर्नर जनरल
(3) विभिन्न धार्मिक समुदायों से विधिशास्त्री
(4) यूरोपीय ज़िला कलेक्टर

35. **Which one of the following statements is correct about the Taiping Rebellion (1850) in China ?**
(1) The rebellion was against the traditional religion of Christianity practised in China.
(2) The movement aimed to forge a kingdom where there was no ownership of private property and no difference between social classes.
(3) This massive popular uprising took place in the northern parts of China.
(4) The British and the French armed forces operating in China did not help the emperor of Qing dynasty to defeat the rebellion.

36. **Which one of the following styles of painting specifically depicted India as a quaint land to be explored by travelling British artists ?**
(1) Mural painting
(2) Picturesque landscape painting
(3) Scroll painting
(4) Portrait painting

37. **'Hundru Falls' is found in which one of the following plateaus ?**
(1) East African Plateau
(2) Western Plateau of Australia
(3) Tibet Plateau
(4) Chhotanagpur Plateau of India

38. **For every one degree of longitude the local time changes by :**
(1) 2 minutes
(2) 6 minutes
(3) 1 minute
(4) 4 minutes

39. **Which one of the following planets takes least time to complete one rotation on its axis ?**
(1) Mercury
(2) Earth
(3) Jupiter
(4) Neptune

35. **चीन के ताइपिंग विद्रोह (1850) के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है ?**
(1) विद्रोह, चीन में परम्परागत रूप से प्रचलित ईसाई धर्म के विरोध में था ।
(2) आन्दोलन का उद्देश्य ऐसे साम्राज्य की स्थापना करना था, जहाँ किसी की निजी सम्पत्ति नहीं होगी और न सामाजिक वर्गों के बीच कोई भेद होगा ।
(3) यह विशाल जनविद्रोह चीन के उत्तरी भाग में उठा था ।
(4) चीन में तैनात अंग्रेजी और फ्रान्सीसी सेनाओं ने विद्रोह को दबाने में किंग साम्राज्य के बादशाह की मदद नहीं की ।

36. **निम्नलिखित चित्रशैलियों में से किसमें भारत को एक अनूठे भू-प्रदेश के रूप में चित्रित किया जाता था, जिसकी ब्रिटिश कलाकार सैलानियों को पड़ताल करनी थी ?**
(1) भित्तिचित्र चित्रशैली
(2) मनोहारी भू-दृश्य चित्रशैली
(3) ख़र्रा चित्रशैली
(4) रूपचित्रकारी चित्रशैली

37. **हुंडरू जलप्रपात निम्नलिखित पठारों में से किसमें पाया जाता है ?**
(1) पूर्वी अफ्रीकी पठार
(2) ऑस्ट्रेलिया का पश्चिमी पठार
(3) तिब्बत का पठार
(4) भारत का छोटानागपुर पठार

38. **प्रत्येक 1° देशान्तर पर स्थानीय समय बदलता है :**
(1) 2 मिनट
(2) 6 मिनट
(3) 1 मिनट
(4) 4 मिनट

39. **निम्नलिखित ग्रहों में से कौन-सा ग्रह अपने अक्ष पर घूर्णन करने में सबसे कम समय लेता है ?**
(1) बुध
(2) पृथ्वी
(3) बृहस्पति
(4) नेप्च्यून

40. **Which one of the following Island groups is situated on the same latitude ?**

(1) Bahamas and Srilanka

(2) Baker Island and Caroline Islands

(3) Clipperton Islands and Cook Islands

(4) Tonga Islands and Mauritius Islands

41. **When it is 12 noon at London the local time at 15° east of London will be :**

(1) 10.00 am

(2) 11.00 am

(3) 01.00 pm

(4) 9.00 am

42. **In which one of the following oceans does the deepest part of the earth lie ?**

(1) The Arctic Ocean

(2) The Indian Ocean

(3) The Pacific Ocean

(4) The Atlantic Ocean

43. **The Sahyadris are popularly known as :**

(1) Eastern Ghats

(2) Western Ghats

(3) The Aravalis

(4) The Himalayas

44. **Which one of the following statements is correct ?**

(1) The Oyashio ocean current is a warm current while the Kurushio current is a cold current.

(2) The Brazilian and California currents are warm currents.

(3) The Labrador and Gulf Stream both are cold currents.

(4) The Labrador Ocean current is a cold current while the Gulf Stream is a warm current.

40. **निम्नलिखित द्वीप समूहों में से कौन-सा समूह समान अक्षांश पर स्थित है ?**

(1) बहामास द्वीप और श्रीलंका

(2) बकेर द्वीप और कारोलिन द्वीप

(3) क्लिप्पर्टन द्वीप और कुक द्वीप

(4) टोंगा द्वीप और मॉरीशस द्वीप

41. **जब लंदन में दोपहर के 12 बजे हैं, तब लंदन से 15° पूर्व में स्थानीय समय होगा :**

(1) 10 बजे प्रातः

(2) 11 बजे प्रातः

(3) 1 बजे दोपहर

(4) 9 बजे प्रातः

42. **निम्नलिखित महासागरों में से किसमें पृथ्वी का सबसे गहरा भाग स्थित है ?**

(1) आर्कटिक महासागर

(2) हिन्द महासागर

(3) प्रशान्त महासागर

(4) अटलांटिक महासागर

43. **सह्याद्रि को सामान्यतः जाना जाता है :**

(1) पूर्वी घाट

(2) पश्चिमी घाट

(3) अरावली

(4) हिमालय

44. **निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा कथन सही है ?**

(1) ओयासियो महासागरीय धारा गर्म (कोष्ण) धारा है; जबकि क्यूरोशियो ठण्डी (शीत) धारा है ।

(2) ब्राजीलियन और केलिफोर्निया धाराएँ गर्म (कोष्ण) धाराएँ हैं ।

(3) लेब्राडोर और गल्फस्ट्रीम दोनों ही ठण्डी (शीत) धाराएँ हैं ।

(4) लेब्राडोर महासागरीय धारा ठण्डी (शीत) धारा है; जबकि गल्फस्ट्रीम गर्म (कोष्ण) धारा है ।

45. Which one of the following ocean circulations is created by the strong gravitational pull exerted by the Sun and the Moon on the earth's surface?
(1) Ocean currents
(2) Tides
(3) Tsunami
(4) Waves

46. Find out the main feature of 'Westerlies' from the following :
(1) They change their direction in different seasons.
(2) They blow permanently in east to west direction.
(3) They blow from sea to land.
(4) They are permanent winds.

47. Match the following two columns :

| Oceanic circulations | | Features |
|---|---|---|
| i. Wave | a. | Periodic rise and fall of water. |
| ii. Tide | b. | A strong seismic wave |
| iii. Tsunami | c. | Up and down movement of oceanic water frequently |
| iv. Current | d. | Stream of water flowing constantly on the ocean surface in a definite direction |

(1) ii-a iii-b i-c iv-d
(2) i-d ii-a iii-b iv-c
(3) ii-c iii-d i-a iv-b
(4) ii-b i-a iii-c iv-d

48. Which one of the following is a correct arrangement of different layers of the atmosphere starting from earth's surface ?
(1) Troposphere, Stratosphere, Mesosphere, Thermosphere, Exosphere.
(2) Thermosphere, Troposphere, Exosphere, Mesosphere, Stratosphere.
(3) Troposphere, Mesosphere, Stratosphere, Thermosphere, Exosphere.
(4) Thermosphere, Stratosphere, Mesosphere, Troposphere, Exosphere.

45. सूर्य एवं चंद्रमा के पृथ्वी की सतह पर शक्तिशाली गुरुत्वाकर्षण बल के कारण निम्नलिखित में से किस महासागरीय परिसंचरण की उत्पत्ति होती है ?
(1) महासागर धाराएँ
(2) ज्वार-भाटे
(3) सुनामी
(4) तरंगे

46. निम्नलिखित में पछुआ पवनों की मुख्य विशेषता ज्ञात कीजिए :
(1) ये विभिन्न ऋतुओं में अपनी दिशा बदलती रहती हैं ।
(2) ये स्थायी रूप से पूर्व से पश्चिम की ओर चलती रहती हैं ।
(3) ये समुद्र से स्थल की ओर चलती हैं ।
(4) ये स्थायी पवनें हैं ।

47. निम्नलिखित दो स्तम्भों का मिलान कीजिए :

| महासागरीय परिसंचरण | | लक्षण |
|---|---|---|
| i. तरंगे | a. | जल का सामयिक उठना और गिरना |
| ii. ज्वार-भाटा | b. | तेज भूकंपी तरंगें |
| iii. सुनामी | c. | महासागरीय जल का लगातार उठना और गिरना । |
| iv. धाराएँ | d. | महासागरीय सतह पर निश्चित दिशाओं में नियमित रूप से बहने वाले जल के प्रवाह । |

(1) ii-a iii-b i-c iv-d
(2) i-d ii-a iii-b iv-c
(3) ii-c iii-d i-a iv-b
(4) ii-b i-a iii-c iv-d

48. पृथ्वी की सतह से प्रारम्भ करते हुए वायुमण्डल की विभिन्न परतों का निम्नलिखित में से सही क्रम कौन-सा है ?
(1) क्षोभमण्डल, समतापमण्डल, मध्यमण्डल, तापमण्डल, बहिर्मण्डल
(2) तापमण्डल, क्षोभमण्डल, बहिर्मण्डल, मध्यमण्डल, समतापमण्डल
(3) क्षोभमण्डल, मध्यमण्डल, समतापमण्डल, तापमण्डल, बहिर्मण्डल
(4) तापमण्डल, समतापमण्डल, मध्यमण्डल, क्षोभमण्डल, बहिर्मण्डल

49. **Which one of the following statements about the Sahara Desert is correct ?**
(1) It is a type of cold desert.
(2) It once used to be a lush green plain.
(3) It is covered only with vast streches of sands.
(4) It is located in the continent of Europe.

50. **'Humus' is found in which one of the following layers of the soil profile ?**
(1) Top soil
(2) Weathered rock
(3) Parent rock
(4) Sub-soil

51. **Which one of the following crops grows best in well-drained loamy soil ?**
(1) Coffee
(2) Cotton
(3) Tea
(4) Jute

52. **Which one from the following measures is <u>not</u> considered as risk reduction for industrial disasters ?**
(1) Storage capacity of toxic substances should be restricted.
(2) Pollution dispersion methods in the industries should be strengthened.
(3) Densely populated residential areas should be in the vicinity of industrial areas.
(4) Fire warning and handling system should be improved.

53. **Viticulture is :**
(1) breeding of fish in specially constructed tanks and ponds.
(2) cultivation of grapes.
(3) commercial rearing of Silkworms.
(4) growing of vegetables, flowers and fruits for commercial use.

49. **सहारा मरुस्थल के विषय में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है ?**
(1) यह ठण्डे प्रकार का मरुस्थल है ।
(2) यह एक समय में हरा-भरा मैदान था ।
(3) यह केवल बालू की विशाल परतों से ढंका हुआ है ।
(4) यह यूरोप महाद्वीप में स्थित है ।

50. **मृदा परिच्छेदिका की निम्नलिखित परतों में से किसमें ह्यूमस पाया जाता है ?**
(1) ऊपरी मृदा
(2) अपक्षयित चट्टान
(3) जनक चट्टान
(4) उप-मृदा

51. **निम्नलिखित फसलों में से कौन-सी फसल सुअपवाहित दुमट मृदा में सबसे अच्छी तरह उगती है ?**
(1) कॉफी
(2) कपास
(3) चाय
(4) जूट

52. **औद्योगिक जोखिमों को कम करने के लिए निम्नलिखित उपायों में से किस एक को उपाय <u>नहीं</u> माना गया है ?**
(1) विषैले पदार्थों की भण्डारण क्षमता की सीमा होनी चाहिए ।
(2) उद्योगों में प्रदूषण नियंत्रण के उपाय को उन्नत किया जाना चाहिए ।
(3) घने बसे आवासीय क्षेत्र औद्योगिक क्षेत्रों के निकट होने चाहिए ।
(4) आग की चेतावनी और अग्निशमन की व्यवस्था को उन्नत किया जाना चाहिए ।

53. **द्राक्षाकृषि (विटिकल्चर) से अभिप्राय है :**
(1) विशेष रूप से निर्मित तालाबों और पोखरों में मत्स्यपालन ।
(2) अँगूरों की खेती ।
(3) रेशम के कीटों का वाणिज्यिक पालन ।
(4) वाणिज्यिक उपयोग के लिए सब्जियों, फूलों और फलों का उगाना ।

54. **Which one of the following statements about Mahajanapadas is correct ?**

(1) Not all Mahajanapadas had a capital city.

(2) All the Rajas of a Mahajanapada met together in assemblies called sanghas to decide upon issues.

(3) The army in Mahajanapada was maintained largely from the gifts made by the locals.

(4) Each Mahajanapada was ruled not by one, but thousands of rulers together, each known as Raja.

55. **About 1800 years ago, who among the following composed the Silappadikaram, a famous Tamil epic ?**

(1) Ilango

(2) Thiruvalluvar

(3) Nakkeerar

(4) Sattanar

56. **The Buddha attained enlightenment at :**

(1) Bodh Gaya

(2) Magadha

(3) Sarnath

(4) Varanasi

57. **The 'Ring wells', excavated in the earliest cities that were developed about 2500 years ago, were used for :**

(1) Worshipping

(2) Bathing

(3) Garbage dumping

(4) Irrigation

54. **महाजनपदों के विषय में निम्नलिखित कथनों में कौन-सा सही है ?**

(1) सभी महाजनपदों की राजधानी नहीं होती थी ।

(2) महाजनपद के सभी राजा समस्याओं पर निर्णय के लिए सभाओं में मिलते थे, जिन्हें संघ कहते थे ।

(3) महाजनपदों में सेना का रख-रखाव आम लोगों द्वारा दिए गए उपहारों द्वारा किया जाता था ।

(4) प्रत्येक महाजनपद किसी एक राजा द्वारा शासित नहीं होता था, अपितु सैकड़ों शासक मिलकर शासन करते थे व प्रत्येक शासक राजा कहलाता था ।

55. **करीब 1800 साल पहले एक प्रसिद्ध तमिल महाकाव्य 'सिलप्पदिकारम' की रचना निम्नलिखित में से किसने की ?**

(1) इलांगो

(2) थिरुवल्लुवर

(3) नक्कीरर

(4) सत्तनार

56. **बुद्ध को ज्ञान प्राप्त हुआ :**

(1) बोधगया में

(2) मगध में

(3) सारनाथ में

(4) वाराणसी में

57. **प्राचीन नगरों में वलयकूप खोजे गए हैं जो लगभग 2500 वर्ष पूर्व विकसित थे, जिनका उपयोग होता था :**

(1) पूजा के लिए

(2) नहाने के लिए

(3) कूड़ेदान के लिए

(4) सिंचाई के लिए

58. Who among the following won universal respect for constructing a large reservoir called 'Hauz-i-Sultani' ?

(1) Qutbuddin Aibak

(2) Alauddin Khalji

(3) Firuz Shah Tughluq

(4) Iltutmish

59. Which one of the following statements about Martin Luther is correct ?

(1) He encouraged the practice of making donations to the church to gain forgiveness for sins.

(2) Many Catholic Christian sects trace their origins to his teachings.

(3) He felt that several practices in Roman Protestant church went against the teachings of the Bible.

(4) He translated the Bible into German.

60. Consider the following two statements A and B about the idea of 'Three Orders' formulated in France in early $11^{th}$ century and choose the correct answer :

A. The society was divided into three classes namely, those who prayed, those who fought and those who tilled the land.

B. The division of society into three orders was supported by the church to consolidate its dominant role in society.

(1) Both A and B are true.

(2) A is false and B is true.

(3) Both A and B are false.

(4) A is true and B is false.

58. निम्नलिखित में से किसने विशाल जलाशयों 'हौज-ए-सुल्तानी' का निर्माण करके व्यापक सम्मान प्राप्त किया ?

(1) कुत्बुद्दीन ऐबक

(2) अलाउद्दीन ख़लजी

(3) फिरोज़ शाह तुग़लक

(4) इल्तुतमिश

59. मार्टिन लूथर के कार्य के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है ?

(1) उसने पाप कर्मों से छुटकारा पाने के लिए चर्च को दान देने की प्रथा को प्रोत्साहित किया ।

(2) अनेक कैथोलिक ईसाई संप्रदाय अपना उद्भव लूथर की शिक्षाओं में खोजते हैं ।

(3) उसने यह महसूस किया कि रोमन प्रोटेस्टैंट चर्च के अनेक आचार-व्यवहार बाइबल की शिक्षाओं के विरुद्ध जाते हैं ।

(4) उसने बाइबल का जर्मन भाषा में अनुवाद किया ।

60. 'तीन श्रेणियों' का विचार ग्यारहवीं शताब्दी के प्रारंभ में फ्रान्स में सूत्रबद्ध किया गया । इस संदर्भ में निम्नलिखित दो कथनों A और B पर विचार कीजिए और सही उत्तर का चयन कीजिए :

A. समाज को तीन वर्गों में विभाजित किया गया था – प्रार्थना करने वाला वर्ग, युद्ध करने वाला वर्ग और खेती करने वाला वर्ग ।

B. तीन वर्गों में समाज के विभाजन को ईसाई धर्म का समर्थन प्राप्त था, जिससे ईसाई धर्म, समाज में अपने प्रबल प्रभाव को और भी दृढ़ कर सके ।

(1) A और B दोनों सही हैं ।

(2) A गलत है और B सही है ।

(3) A और B दोनों गलत हैं ।

(4) A सही है और B गलत है ।

61. **A student interviews Tsunami survivors for a project in Geography. This can be considered as a project based on which one of the following sources ?**
(1) Secondary source
(2) Hearsay
(3) Both primary and secondary sources
(4) Primary source

62. **Consider the following situation and choose the most appropriate response :**
A student comments in the class that corruption is inevitable at the Panchayat level. You would :
(1) demand that this comment be ignored and instead the class should focus on role of Panchayat as metnioned in the textbook.
(2) agree with the student and conclude the class with a critique of the Panchayat.
(3) ask questions in the class on how an ideal Panchayat could be made.
(4) dismiss it by saying they are too young to know about this matter.

63. **Choose the most suitable method for developing concepts in Social Science at the upper primary level.**
(1) memorising answers to questions given in the textbook
(2) listing dominant features
(3) learning through a series of guided questions
(4) learning through definitions

61. **भूगोल में एक परियोजना के लिए सुनामी से बचे हुए लोगों के साथ एक विद्यार्थी साक्षात्कार करता है । इस परियोजना को निम्नलिखित में से किस स्रोत पर आधारित माना जा सकता है ?**
(1) द्वितीयक स्रोत
(2) सुनीसुनाई बात
(3) प्राथमिक एवं द्वितीयक दोनों स्रोत
(4) प्राथमिक स्रोत

62. **निम्नलिखित स्थिति पर विचार कीजिए और सबसे उचित उत्तर को चुनिए :**
**कक्षा में एक विद्यार्थी की राय है कि पंचायत स्तर पर भ्रष्टाचार अनिवार्य है – आप इसे :**
(1) इस टिप्पणी की अनदेखी की माँग करेंगे और पाठ्यपुस्तक में वर्णित पंचायत की भूमिका पर ध्यान केन्द्रित करने पर बल देंगे ।
(2) विद्यार्थी से सहमत होंगे और पंचायत की आलोचना के साथ कक्षा की समाप्ति करेंगे ।
(3) कक्षा में प्रश्न पूछेंगे कि एक आदर्श पंचायत कैसे बनाया जा सकता है ।
(4) यह कहते हुए खारिज करेंगे कि वह इस बात को जानने के लिए बहुत छोटे हैं ।

63. **उच्च प्राथमिक स्तर पर सामाजिक विज्ञान की अवधारणाओं को विकसित करने के लिए सबसे उचित विधि को चुनिए :**
(1) पाठ्यपुस्तक में दिए गए प्रश्नों के उत्तरों को याद करना ।
(2) प्रभावी लक्षणों की सूची तैयार करना ।
(3) निर्देशित प्रश्नों की शृंखला से सीखना ।
(4) परिभाषाओं से सीखना ।

64. **Which one of the following conceptual areas is associated with skills in distance and direction representation ?**

(1) Map reading

(2) Diversity

(3) Sustainable development

(4) Money and Market

65. **Choose from the following the most appropriate statement that could describe the subject Social and Political life.**

(1) It emphasizes the use of definitions.

(2) It encourages rote learning.

(3) It is related to real life situations.

(4) It emphasises one correct answer.

66. **In order to introduce a Social Science topic, which of the following methods would be most appropriate ?**

A. Case Studies

B. Fictional Narratives

C. Discussions

D. Definitions

(1) A, B and D

(2) B, C and D

(3) A, C and D

(4) A, B and C

67. **Story telling is an effective way to teach History as :**

(1) it can be an effective tool of evaluation.

(2) it creates curiosity & interest among the students.

(3) it helps students to easily memorize answers.

(4) it makes the textbook attractive.

64. **दूरी एवं दिशा का प्रतिनिधित्व करने वाला कौशल निम्नलिखित में से कौन-सी अवधारणात्मक क्षेत्र के साथ सम्बन्ध रखता है ?**

(1) मानचित्र पढ़ना

(2) विभिन्नता

(3) समग्र विकास

(4) मुद्रा एवं बाज़ार

65. **निम्नलिखित में से सबसे उचित कथन को चुनिए जो सामाजिक एवं राजनीतिक जीवन विषय का वर्णन कर सकता है :**

(1) यह परिभाषाओं के प्रयोग पर बल देता है ।

(2) यह स्मरण करके सीखने पर बल देता है ।

(3) यह वास्तविक जीवन की स्थितियों के साथ जुड़ा है ।

(4) यह एक सही उत्तर पर बल देता है ।

66. **सामाजिक विज्ञान विषय का परिचय कराने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सी विधियाँ सबसे उचित होंगी ?**

क. प्रतीक अध्ययन

ख. कल्पनात्मक वृत्तान्त

ग. चर्चाएँ

घ. परिभाषाएँ

(1) क, ख और घ

(2) ख, ग और घ

(3) क, ग और घ

(4) क, ख और ग

67. **कहानियाँ सुनाना इतिहास को पढ़ाने का प्रभावशाली तरीका है, क्योंकि :**

(1) यह मूल्यांकन का एक प्रभावशाली तरीका हो सकता है ।

(2) यह विद्यार्थियों में रुचि एवं जागरूकता उत्पन्न करता है ।

(3) यह आसानी से उत्तर स्मरण करने में विद्यार्थियों की सहायता करता है ।

(4) यह पाठ्यपुस्तक को आकर्षक बनाता है ।

68. **Which one of the following activities is most suitable for teaching the changes in land-use pattern at the Upper Primary Level ?**
(1) Exhibition
(2) Role play
(3) Quiz
(4) Discussion

69. **Consider the two exercises 'A' & 'B' and select which of the given choices represent(s) an activity on historical imagination.**
A. You are a sailor who has just come back from Barygaza. Narrate your experience to your friend.
B. Trace on a map the Silk Route adopted by the traders.
(1) B is false
(2) A and B are true
(3) A and B are false
(4) A is true

70. **Which one of the following statements on Continuous and Comprehensive Evaluation (CCE) is inappropriate ?**
(1) It makes teaching learner-centred.
(2) It helps in identifying the learning problems of students.
(3) It burdens the children.
(4) It assists in self-assessment.

71. **NCF 2005 is of the opinion that textbooks should be seen as a medium :**
(1) to inculcate the accepted values of society.
(2) to transact the information accepted by the dominant class.
(3) to pass the examination.
(4) of further inquiry

72. **A Social Science teacher plans to undertake a project on the lesson, "Understanding Diversity". Select the most suitable method to be used the teacher to initiate a discussion on this task.**
(1) encourage students to think of examples from their surroundings and start a dialogue
(2) provide written instructions to the students on points for discussion
(3) encourage students to see projects of their seniors and discuss
(4) provide reading material to the students

68. **उच्च प्राथमिक स्तर पर भूमि उपयोग प्रतिरूप के परिवर्तन के शिक्षण के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा क्रियाकलाप सबसे अधिक उपयुक्त है ?**
(1) प्रदर्शनी
(2) भूमिका निर्वाह
(3) क्विज
(4) परिचर्चा

69. **क एवं ख दो अभ्यासों पर ध्यान दीजिए । दिए गए विकल्पों में से कौन-सा अभ्यास ऐतिहासिक कल्पना के क्रियाकलाप पर है ?**
क. आप एक नाविक हैं, जो अभी बेरिगाजा से वापस आए हैं । अपने मित्र से अपने अनुभवों का वर्णन कीजिए ।
ख. एक मानचित्र पर व्यापारियों द्वारा अपनाए गए रेशममार्ग को ढूँढ़िए।
(1) ख गलत
(2) क और ख दोनों सही
(3) क और ख दोनों गलत
(4) क सही

70. **सतत एवं व्यापक मूल्यांकन पर निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा अनुपयुक्त है ?**
(1) यह सिखाने की प्रक्रिया को छात्र केन्द्रित बनाता है ।
(2) यह शिक्षार्थियों की सीखने की समस्याओं को पहचानने में सहायता करता है ।
(3) यह बच्चों पर बोझ डालता है ।
(4) यह स्व-आकलन में सहायता करता है ।

71. **राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा (2005) का विचार है कि पाठ्य-पुस्तकों को एक माध्यम के रूप में देखा जाना चाहिए :**
(1) समाज के द्वारा स्वीकृत मूल्यों को जोड़ने के लिए ।
(2) प्रभुत्वशाली वर्ग द्वारा स्वीकृत सूचनाओं को सम्पादित करने के लिए ।
(3) परीक्षा को उत्तीर्ण करने के लिए ।
(4) अग्रिम जाँच पड़ताल के लिए ।

72. **एक सामाजिक विज्ञान का शिक्षक 'विविधता की समझ' पर एक परियोजना लेने की योजना बनाता है । सबसे उचित विधि का चुनाव कीजिए जिससे शिक्षक चर्चा प्रारम्भ कर सके ।**
(1) विद्यार्थियों को अपने आसपास के उदाहरण सोचने के लिए प्रोत्साहित करना और संवाद प्रारंभ करना ।
(2) विद्यार्थियों को चर्चा के लिए बिन्दुओं पर लिखित निर्देश देना ।
(3) विद्यार्थियों को अपने वरिष्ठ छात्रों की परियोजना को देखने को प्रोत्साहित करना और चर्चा करना ।
(4) विद्यार्थियों को पठन सामग्री प्रदान करना ।

73. **At the upper primary stage, Social Science includes content from which of the following subjects ?**
   (1) History, Political Science, Geography and Psychology.
   (2) Geography, Political Science, Anthropology and Psychology.
   (3) History, Geography, Economics and Political Science.
   (4) History, Geography, Political Science and Philosophy.

74. **Portfolios are an important tool of assessment as :**
   (1) it enables teachers to make generic observation on the students.
   (2) it provides cumulative record of the growth of students.
   (3) it is quick and easy to plan and implement.
   (4) it provides conclusive information about the students.

75. **To teach the Partition of India through an inquiry method, which one of the following methods would be most suitable ?**
   (1) collecting eyewitness accounts through interviews/discussions.
   (2) holding a lecture on the freedom struggle.
   (3) drawing a timeline of India's struggle for independence.
   (4) narrating the role of political leaders.

76. **In Social Science, reflective teaching is preferred to routine teaching because :**
   (1) it is unresponsive to changing circumstances.
   (2) it implies flexibility, analysis and social awareness.
   (3) it is a new idea hence, popular.
   (4) it is guided by tradition and habit.

73. **उच्च प्राथमिक स्तर पर सामाजिक विज्ञान निम्नलिखित में से किन विषयों से विषय-वस्तु सम्मिलित करता है ?**
   (1) इतिहास, राजनीतिक विज्ञान, भूगोल और मनोविज्ञान
   (2) भूगोल, राजनीतिक विज्ञान, मानवशास्त्र और मनोविज्ञान
   (3) इतिहास, भूगोल, अर्थशास्त्र और राजनीतिक विज्ञान
   (4) इतिहास, भूगोल, राजनीतिक विज्ञान और दर्शनशास्त्र

74. **पोर्टफोलियो आकलन करने का एक महत्त्वपूर्ण साधन है :**
   (1) यह शिक्षकों को शिक्षार्थियों पर सामान्य अवलोकन करने के योग्य बनाता है ।
   (2) यह शिक्षार्थियों के विकास का संचयी अभिलेख प्रदान करता है ।
   (3) यह योजना और कार्यान्वयन करने की एक आसान और त्वरित विधि है ।
   (4) यह शिक्षार्थियों के बारे में निर्णयात्मक सूचना प्रदान करता है ।

75. **पूछताछ उपागम के माध्यम से भारत के विभाजन के शिक्षण हेतु निम्नलिखित में से कौन-सी विधि सबसे उचित है ?**
   (1) साक्षात्कार/चर्चा से साक्ष्य विवरण को एकत्रित करना ।
   (2) स्वतंत्रता संघर्ष पर व्याख्यान करना ।
   (3) भारत की स्वतंत्रता संघर्ष की समय रेखा बनाना ।
   (4) राजनीतिक नेताओं की भूमिका का वर्णन करना ।

76. **सामाजिक विज्ञान में प्रतिदिन पढ़ाने की अपेक्षा चिंतनशील शिक्षण को प्राथमिकता दी जाती है क्योंकि :**
   (1) यह बदलती परिस्थितियों के लिए अनुक्रियात्मक नहीं है ।
   (2) यह सामाजिक जागरूकता, विश्लेषण और लचीलापन देता है ।
   (3) यह एक नया विचार है इसलिए यह लोकप्रिय है ।
   (4) यह आदत और परम्परा द्वारा निर्देशित होता है ।

77. Which one of the following statements is correct about a representative democracy ?
(1) Rules and Regulations are made directly by the people.
(2) The decisions are authorised and supervised by the elected members.
(3) The rules are made by a group of nobles.
(4) The decisions are taken by the hereditary ruler.

78. Who from among the following appoints the Secretary of Gram Panchayat ?
(1) Panchayat Samiti
(2) Zila Parishad
(3) Panchayat President
(4) Government

79. The two states involved in Cauvery water dispute are :
(1) Andhra Pradesh and Tamil Nadu
(2) Karnataka and Andhra Pradesh
(3) Karnataka and Tamil Nadu
(4) Karnataka and Kerala

80. Which one of the following statements about the Chief Minister of a state is correct ?
(1) She/He is appointed by the President.
(2) She/He appoints other ministers.
(3) The Chief Minister and other ministers do not have separate offices.
(4) The Chief Minister is elected by the MLAs (Members of Legislative Assembly) belonging to the party winning a majority of seats.

81. Which one of the following statements about Weavers' Cooperatives is correct ?
(1) These Cooperatives are not provided any kind of support by the government.
(2) These Cooperatives reduce the role of merchants and help weavers to get a fair price for their cloth.
(3) These Cooperatives only engage in trade with private enterprises.
(4) These Cooperatives are not into marketing but only into production.

77. प्रतिनिधित्व लोकतंत्र के बारे में निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है ?
(1) नियम और उपनियम सीधे जनता/लोगों द्वारा बनाए जाते हैं ।
(2) निर्णय चुने सदस्यों द्वारा अधिकृत और परिवेक्षित होते हैं ।
(3) एक अभिजात्य वर्ग के समूह द्वारा नियम बनाए जाते हैं ।
(4) निर्णय वंशानुगत शासक द्वारा किए जाते हैं ।

78. ग्राम पंचायत के सचिव की नियुक्ति निम्नलिखित में से कौन करता है ?
(1) पंचायत समिति
(2) ज़िला परिषद्
(3) पंचायत का प्रधान
(4) सरकार

79. कावेरी जल विवाद से जुड़े दो राज्य हैं :
(1) आंध्र प्रदेश और तमिलनाडु
(2) कर्नाटक और आंध्र प्रदेश
(3) कर्नाटक और तमिलनाडु
(4) कर्नाटक और केरल

80. किसी राज्य के मुख्य मंत्री के विषय में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है ?
(1) उसकी नियुक्ति राष्ट्रपति द्वारा की जाती है ।
(2) वह अन्य मंत्रियों की नियुक्ति करता/करती है ।
(3) मुख्य मंत्री तथा अन्य मंत्रियों के कार्यालय अलग-अलग नहीं होते हैं ।
(4) मुख्य मंत्री का चुनाव बहुमत प्राप्त दल के विधायकों द्वारा किया जाता है ।

81. बुनकर सहकारी संस्थाओं के विषय में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है ?
(1) सहकारी संस्थाओं को सरकार की ओर से किसी भी प्रकार की मदद नहीं मिलती है ।
(2) सहकारी संस्थाएँ व्यापारियों की भूमिका को कम करती हैं और बुनकरों को उनके कपड़ों का उचित मूल्य प्राप्त कराने में मदद करती हैं ।
(3) सहकारी संस्थाएँ केवल निजी उद्यमियों के साथ व्यापार करती हैं ।
(4) सहकारी संस्थाएँ विक्रय का कार्य नहीं करती हैं केवल उत्पादन करती हैं ।

82. **Which one of the following statements about the Rajya Sabha is correct ?**
(1) It selects the executive.
(2) It represents the states of India in the Parliament.
(3) It consists of 245 nominated members.
(4) It is led by the Prime Minister.

83. **The final interpreter of the Constitution of India is :**
(1) the Executive
(2) the Judiciary
(3) the citizens of India
(4) the Legislature

84. **Civil laws deal with :**
(1) any harm or injury to the rights of individuals.
(2) disputes between states.
(3) disputes between the Central Government and a State Government.
(4) conduct or acts that the law defines as offences.

85. **Which one of the following statements is <u>incorrect</u> about First Information Report (FIR) ?**
(1) The identity of the accused person and witnesses if known is mentioned.
(2) It states the name and address of the complainant.
(3) The complainant can get a copy of the FIR by paying a prescribed fee.
(4) It is compulsory to be registered in case of a cognizable offence.

86. **Who chaired the committee in 2005 that examined the social, economic and educational status of the Muslims in India ?**
(1) P.K. Thungon
(2) D.S. Kothari
(3) R. Sachar
(4) B.P. Mandal

82. **राज्य सभा के बारे में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही है ?**
(1) यह कार्यपालिका का चयन करती है ।
(2) यह संसद में भारत के राज्यों का प्रतिनिधित्व करती है ।
(3) इसमें 245 मनोनीत सदस्य होते हैं ।
(4) इसका मुखिया प्रधान मंत्री होता है ।

83. **भारत के संविधान की अन्तिम व्याख्या करने वाला/वाली है :**
(1) कार्यपालिका
(2) न्यायपालिका
(3) भारत के नागरिक
(4) विधायिका

84. **दीवानी कानूनों का संबंध है :**
(1) व्यक्ति विशेष के अधिकारों के उल्लंघन या अवहेलना से ।
(2) राज्यों के बीच टकराव से ।
(3) केन्द्रीय एवं राज्य सरकार के बीच टकराव से ।
(4) ये ऐसे व्यवहारों या क्रियाओं से जिन्हें कानून में अपराध माना जाता है ।

85. **प्रथम सूचना रिपोर्ट (एफ.आई.आर.) के विषय में निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा सही <u>नहीं</u> है ?**
(1) यदि अपराधी व्यक्ति की पहचान और गवाहों की जानकारी है, तो उनका उल्लेख किया जाता है ।
(2) एफ.आई.आर. में शिकायत दर्ज कराने वाले का नाम और पता लिखा होता है ।
(3) शिकायत करने वाला एफ.आई.आर. की एक नकल निर्धारित शुल्क प्रदान कर, प्राप्त कर सकता है ।
(4) संज्ञेय अपराध के मामले में एफ.आई.आर. दर्ज करना अनिवार्य है ।

86. **भारत में मुसलमानों के सामाजिक, आर्थिक एवं शैक्षणिक स्तर की जाँच के लिए सन् 2005 में गठित कमेटी की अध्यक्षता किसने की थी ?**
(1) पी.के. थंगन
(2) डी.एस. कोठारी
(3) आर. सच्चर
(4) बी.पी. मंडल

87. Which one of the following methods would be <u>most</u> appropriate for a constructivist discussion on historical monuments ?
(1) a question-answer chart on monuments
(2) photographs of a school picnic to a monument
(3) identifying a local monument and narration of stories around it
(4) a collage of monuments with labels

88. Choose the most suitable reason for introducing class discussions on a social science topic.
(1) It keeps students busy.
